समावर्तन

२०११



MPM LIBRARY 102/01
4918

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर (उ.प्र.) 273014
ग्रन्थालय
परिग्रहण सं. 4918
आह्वान सं.

गो… एक छोटी सी
शाखा के … स्थित महाराणा
प्रताप स्ना… लय का चौथा
बैच स्नात… यात्रा के अगले
पड़ाव पर … प्त १६८ अब
और ऐसे … भी किंचित
योगदान है … महाविद्यालय
परिसर में … के जीवन पर
क्या प्रभाव पड़ा यह तो समय बतायेगा और वही …

आज का समावर्तन संस्कार समारोह इ… रूप में कैसा विकास चाहते हैं। वर्तमान में भारत की शिक्षित युवा पीढ़ी का अधिकांश हिस्सा भौतिकवादी पाश्चात्य संस्कृति के आकर्षण के दिवा स्वप्न में डूबा हुआ है। सत्तावादी भारतीय राजनीति ने भारतीय धर्म-संस्कृति को साम्प्रदायिकता का चोला पहनाकर उसके वास्तविक स्वरूप पर भ्रम का आवरण चढ़ा दिया है। परिणामतः सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की डोर कमजोर हुई है। परिवार संस्था भी कमजोर हो रही है। गाँव वीरान होते जा रहे हैं। महानगरीकरण के रूप में असन्तुलित विकास का भयावह चित्र सामने है। भ्रष्टाचार, आतंकवाद,अपराध का बढ़ता ग्राफ प्रभावहीन होते भारतीय जीवन-मूल्य के ही सूचक हैं। इस परिस्थिति के निर्माण में शिक्षा की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

किसी भी राष्ट्र का वर्तमान और भविष्य उस देश की शिक्षा प्रणाली और उसके स्वरूप पर निर्भर करता है। डी.एस. कोठारी इसी बात को कह रहे थे कि भारत का भविष्य कक्षाओं में पलता है। किन्तु भारत का दुर्भाग्य है कि आजादी के लगभग छः दशक बाद भी हम मैकाले के भूत से शिक्षा को आजाद नहीं करा पाये। मैकाले द्वारा प्रतिष्ठित शिक्षा नीति आज तक प्रभावी है और उसके उद्देश्य-पाश्चात्य शिक्षा व विचारों के प्रभाव से ऐसे भारतीय पैदा करना जो बौद्धिक दृष्टि से गुलाम हों-को पूरा करने में सफल है। 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' के नाम पर भारत की सत्ता देश की युवा पीढ़ी को गुमराह करने वाली शिक्षा पद्धति की ही प्रतिष्ठापक है। किन्तु मैकाले की शिक्षा नीति और स्वतन्त्र भारत के सत्ताधीशों द्वारा शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों की अर्थी सजाने पर छाती पीटते रहने से क्या होने वाला है ? हम अपने प्रयासों से, जितना सम्भव है उनके प्रयासों को, कुछ शिक्षण संस्थानों में ही सही निष्फल कर सकते हैं और भारतीय संस्कृति एवं जीवन-मूल्य के प्रति थोड़े ही समूह में सही, युवाओं में आत्म सम्मान जागृत कर सकते हैं। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसी भूमिका के भगीरथ प्रयास में लगा हुआ है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना परतन्त्र भारत में (१६३२ ई.) गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने उपर्युक्त उद्देश्यों से ही की थी। भारतीय संस्कृति और उसके जीवन मूल्यों तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति भारत की युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के प्रयास के साथ प्रतिष्ठित एवं विकसित होता हुआ महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं उनकी यशस्वी परम्परा के सपनों को पूरा करने में कहाँ तक सफल है, इसका मूल्यांकन गोरक्षपीठ और समाज करेगा। तथापि 'समावर्तन संस्कार समारोह' हमारे वैचारिक अधिष्ठान का ही हिस्सा है। भारत की राष्ट्रीयता हिन्दुत्त्व एवं हिन्दू जीवन दर्शन के षोडश संस्कारों में 'समावर्तन संस्कार' का मानव जीवन के संस्कारों में महत्त्वपूर्ण स्थान है। आज के अवसर पर अपने विद्यार्थियों के यशस्वी जीवन की हार्दिक शुभकामना। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थियों की जीवनयात्रा में महाविद्यालय परिसर का अल्पकालिक यथार्थ किसी न किसी रूप में अवश्य झलकता रहेगा।

तिथि- फाल्गुन, कृष्ण, दशमी, संवत् २०६७
तद्नुसार २७ फरवरी, २०११

(प्रदीप कुमार राव)
प्राचार्य

श्री गोरखनाथ मन्दिर
(0551)
2255453
2255454

Dr. BHOLENDRA SINGH
M.Com. Ph.D.
Ex. - Vice Chancellor
Poorvanchal University
Jaunpur

☎ : (051) - 2256934
Residence :-
A-64, Surajkund Colony
Gorakhpur-273001

गोरक्षपीठाधीश्वर

शुभाशीष

१६३२ में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना गुरूदेव महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा के प्रसार हेतु किया था । उन्होंने अपने द्वारा स्थापित 'महाराणा प्रताप महाविद्यालय' को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री गोविन्द बल्लभ पन्त के आग्रह पर गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु भूमि-भवन एवं अध्यापक-छात्र सहित सरकार को दे दिया। सम्प्रति गोरखपुर विश्वविद्यालय की नींव पड़ी। उसी स्मृति को पुनर्जीवित करते हुए जंगल धूसड़ में 'महाराणा प्रताप महाविद्यालय' की स्थापना की गई।

यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिमान बनकर उभरा है। इस सत्र से महाविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन बढ़ते कदम का परिचायक है। हमे प्रसन्नता है कि महाविद्यालय का चौथा बैच स्नातक की शिक्षा पूरी कर अपने जीवन के अगले सोपान पर कदम रखने के लिए तैयार है। 'समावर्तन संस्कार' के साथ उन्हें महाविद्यालय परिवार 'विदा' करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान यहाँ के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ जो सामाजिक-राष्ट्रीय जीवन की भी शिक्षा एवं प्रेरणा मिली है, उससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा। राष्ट्र और समाज को एक योग्य पीढ़ी प्राप्त होगी। मेरा सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष एवं इस आयोजन के प्रति हार्दिक शुभकामना।

शुभेच्छु

(महन्त अवेद्यनाथ)
सचिव/ मंत्री, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
अध्यक्ष-प्रबन्ध समिति,
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़

शुभकामना संदेश

गोरक्षपीठ की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल अविस्मरणीय है। १६३२ में ही महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना के साथ शिक्षण संस्थानों की जो शृंखला खड़ी हुई, उसमें महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की स्थापना उच्च शिक्षा में बढ़ते कदम का अगला पड़ाव था। गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की इच्छा एवं प्रेरणा से स्थापित यह महाविद्यालय छठवाँ वर्ष पूरा करने जा रहा है। इस सत्र में महाविद्यालय से स्नातक शिक्षा प्राप्त कर चुके चौथे 'बैच' के लिए 'समावर्तन संस्कार' समारोह का आयोजन एक प्रशंसनीय प्रयास है। इस प्रयास की सफलता हेतु मैं महाविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामना एवं धन्यवाद प्रेषित कर रहा हूँ।

(भोलेन्द्र सिंह)
पूर्व, कुलपति
अध्यक्ष-महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर

योगी आदित्यनाथ
संसद सदस्य, लोकसभा
भारत
प्रबन्धक,
महाराणा प्रताप महाविद्यालय,
जंगल धूसड़

शुभकामना संदेश

शिक्षा में गुणवत्ता का गिरता स्तर उच्च शिक्षा के समक्ष एक कड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उच्च शिक्षा परिसरों में अराजकता, अपराधियों का बढ़ता प्रभाव, राजनीतिक दलों का सक्रिय हस्तक्षेप और शिक्षा संस्कृति का निरन्तर ह्रास गम्भीर चिंता का विषय है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त, युगानुकूल और भारतीय संस्कृति केन्द्रित शिक्षा के प्रसार हेतु महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने की थी। उपर्युक्त विषम परिस्थितियों में चुनौती को स्वीकार करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा महाराणा प्रताप महाविद्यालय की स्थापना २००५ में की गयी। शीघ्र ही इस महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी। पूरे सत्र में १४५ दिन कार्य दिवस, ३० जनवरी तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेने, सप्ताह में एक दिन की कक्षा छात्र-छात्राओं द्वारा पढ़ाये जाने, प्रार्थना एवं राष्ट्रगीत के साथ महाविद्यालय की प्रतिदिन की दिनचर्या शुरू करने, विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा का आयोजन सप्ताह में एक दिन स्वैच्छिक श्रमदान, जैसे नये-नये प्रयोगों के साथ इस महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय ख्याति अर्जित की है। वर्तमान सत्र से स्नातकोत्तर कक्षाओं का भी अध्ययन प्रारम्भ हुआ है।

छात्रसंघ की संरचना में नया प्रयोग एवं प्रशासनिक व्यवस्था में छात्र सहभाग की योजना प्रशंसनीय है। यदि ये प्रयोग सफल हुये तो निश्चय ही यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक मानक महाविद्यालय के रुप में जाना जायेगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षा के साथ संस्कार का प्रयास भी सराहनीय है। 'समावर्तन संस्कार' समारोह का आयोजन भी शिक्षा परिसर में भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का एक प्रयास है। 'समावर्तन संस्कार' समारोह की सफलता हेतु मेरी हार्दिक शुभकामना।

(योगी आदित्यनाथ)
सह सचिव, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
मंत्री-प्रबन्ध समिति,
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़

प्रो० यू० पी० सिंह
पूर्व कुलपति
वीर बहादुर सिंह
पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर, उ.प्र.

शुभकामना संदेश

गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने १९३२ में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की। शिक्षा के प्रसार को लोक जागरण और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का सशक्त माध्यम स्वीकार करते हुए ब्रह्मलीन दिग्विजयनाथ जी महाराज ने शैक्षिक दृष्टि से अत्यन्त पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत प्राथमिक से लेकर उच्च एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों की शृंखला खड़ी की। तत्पश्चात् गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की देख-रेख में शिक्षा के क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा स्थापित तत्कालीन महाराणा प्रताप डिग्री कालेज में १९५५ से १९५८ तक कार्य करने का सुअवसर मिला। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की स्थापना शिक्षा परिषद् के इसी बढ़ते क्रम में हुई।

अपने अल्प समय में ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय को पर्याप्त यश मिला है। नित नये प्रयोगों, अनुशासन, गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के कारण यह महाविद्यालय प्रशंसित हुआ है। हमें विश्वास है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय भारतीय संस्कृति के विकास का प्रयास जारी रखेगा। महाविद्यालय के चतुर्थ 'समावर्तन संस्कार' समारोह के आयोजन पर महाविद्यालय परिवार को हमारी हार्दिक शुभकामना।

(प्रो. यू.पी. सिंह)
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
उपाध्यक्ष-प्रबन्ध समिति,
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़

प्रो. राम अचल सिंह
पूर्व कुलपति
रा.म.लो. अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद
पूर्व अध्यक्ष
उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, उ.प्र.

शुभकामना संदेश

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् गोरखपुर, जनपद गोरखपुर व उसके पास के जनपदों में गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्यनीय अवेद्यनाथ जी व उनके उत्तराधिकारी पूज्यनीय योगी जी के कुशल मार्ग दर्शन के अर्न्तगत लगभग तीन दर्जन शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं का संचालन कर रही है। परिषद् ने महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की स्थापना छः वर्ष पूर्व किया है। इस महाविद्यालय का चौथा बैच स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहा है।

महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए महाविद्यालय में शिक्षण कार्य एवं शिणेत्तर कार्य सम्पादित हो रहा है। महाविद्यालय में पढ़ने वाले बालक व बालिकाओं को यहाँ की मिट्टी व जमीन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को भारत के इतिहास, संस्कृति, राष्ट्रीय गौरव व राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़ने के लिए महाविद्यालय हमेशा प्रयत्नशील दिखाई देता है। विषय ज्ञान के साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पण व सामाजिक समरसता का पाठ भी विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। महाविद्यालय ऐसे नागरिक तैयार कर रहा है जो अपने राष्ट्र को जानें व समझें। अपने राष्ट्र व वतन के लिए जीने की प्रेरणा ग्रहण करें।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् स्थापना काल से ही ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी की प्रेरणा से शीलवान नागरिकों का निर्माण कर रही है। शीलवान मनुष्य से अधिक मूल्यवान कोई चीज है ही नहीं। शील भ्रष्ट मनुष्य केवल पाप ही नहीं करता है अपितु पापियों का पालन-पोषण भी करता है। शील विहीन मनुष्य पशु बन जाता है और मनुष्य का पशु बन जाना ही उसकी मृत्यु है।

समावर्तन संस्कार समारोह के अवसर पर मैं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के प्रति शुभकामना व्यक्त करता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों के अन्दर ईश्वर ऐसी ऊर्जा का संचार व संवहन करें कि वे जो भी कार्य सम्पादित करें वह समाज व राष्ट्र के समक्ष एक सद् कार्य के रूप में उपस्थित हो ताकि समाज उससे हमेशा प्रेरणा ग्रहण करता रहे।

राम अचल सिंह

(प्रो. रामअचल सिंह)

प्रो.पी.सी.त्रिवेदी
कुलपति
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर
विश्वविद्यालय, गोरखपुर
फोन : 0551–2201577

शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतिवर्ष की भाँति इस सत्रान्त में भी २७ फरवरी को 'समावर्तन संस्कार समारोह' कर रहा है। स्नातक शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन के अगले सोपान पर कदम रखने वाले छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति के प्रति संकल्पित करने एवं उन्हें भारतीय जीवन मूल्य जीने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला 'समावर्तन संस्कार समारोह' शिक्षा के मूल उद्देश्य की पूर्ति में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। शिक्षा की सार्थकता इसी में है कि वह मनुष्य को संतुलित, संयमित और श्रेष्ठ जीवन प्रदान करने के साथ 'मुक्ति' का मार्ग प्रशस्त करे। मुझे विश्वास है कि महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सम्पन्न होने वाले 'समावर्तन संस्कार समारोह' से छात्र-छात्राओं को यशस्वी जीवन जीने की दिशा मिलेगी। सभी विद्यार्थियों को अपने प्रज्ञामय जीवन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामना।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के 'समावर्तन संस्कार समारोह' के आयोजन हेतु हार्दिक वधाई।

Trivedi

(पी.सी. त्रिवेदी)
कुलपति

Padmashri
PRAKASH SINGH
formerly Director General BSF, DGP UP
& DGP Assam
3C, Super Deluxe Flats,
Sector-15A, Noida- 201301 (U.P.)
Phone : 0120-4334193

MESSAGE

I send my greetings to the Maharana Prata Post-Graduate College, Gorakhpur on the Convocation Ceremony being held on February 27, 2011.

A number of students would be entering a new phase of life after having got the graduate degree. It will be a life full of challenges and opportunities for them.

The education imparted at the Maharana Pratap Post-Graduate College, I am sure, would stand the students in good stead and enable them make a mark in life, achieving excellence in whatever specialized area they choose or in the field of activity they opt for.

"What India needs especially at this moment", as Aurobindo said, "is the aggressive virtues, the spirit of soaring idealism, bold creation, fearless resistance, courageous attack." I am sure the students passing out would display these qualities in abundant measure.

My good wishes and blessings to all the students.

(Prakash Singh)



प्रो. प्रताप सिंह
पूर्व अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं
पूर्व अध्यक्ष, उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग उ.प्र.
फोन : 0551 - 2200949

शुभकामना संदेश

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा समावर्तन संस्कार समारोह के रूप में विद्यार्थियों को स्नातक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने हेतु शुभ आशीर्वाद देने का आयोजन किया जा रहा है। यह जान कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता है।

जिस विद्यालय को महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ का आशीर्वाद प्राप्त हो उसे किसी अन्य से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मोहताज होने की आवश्यकता ही नहीं। जिसे गोरक्षपीठ जैसे प्रबंधतंत्र का आशीर्वाद बराबर मिल रहा हो, जहाँ पर शिक्षक समर्पित भाव से कार्य कर रहे हों, तथा जहाँ पर विद्यार्थी अनुशासित होकर अध्ययनरत हों उस महाविद्यालय का भविष्य तो यों ही उज्ज्वल है।

मेरी हार्दिक शुभकामना है कि यह कालेज अपनी उत्कृष्ट परम्परा के आधार पर दिन प्रतिदिन प्रगति करते हुए सफलता के शिखर पर पहुँचे। समावर्तन संस्कार समारोह की सफलता हेतु मेरी ढेर सारी शुभकामना।

(प्रताप सिंह)

मुख्य अतिथि

पदमश्री प्रकाश सिंह

भारत सरकार के प्रतिष्ठित सम्मान पद्मश्री से विभूषित श्री प्रकाश सिंह भारतीय पुलिस सेवा के ऐसे अधिकारी रहे हैं, जिनकी 'आतंकवाद और उस पर नियन्त्रण' के क्षेत्र में विशेषज्ञता अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य है। पुलिस सेवा में रहते हुए उन्होंने नागालैण्ड-असम में उल्फा उग्रवादियों, पंजाब में खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों एवं जम्मू-कश्मीर के पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों से निपटने में महारथ हासिल की। फलतः राष्ट्रीय सुरक्षा में अतुलनीय योगदान के कारण १९९१ ई. में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया। शौर्यपूर्ण सेवा के लिए भारत के महामहिम राष्ट्रपति ने उन्हें 'पुलिस मेडल' से तथा उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन में अविस्मरणीय योगदान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 'राज्य पुरस्कार' से सम्मानित किया।

भारतीय पुलिस सेवा के इस होनहार सिपाही ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से १९५७ ई. में इतिहास विषय में परास्नातक की शिक्षा प्राप्त कर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ही अध्यापन के साथ अपनी राष्ट्रीय जीवन-यात्रा की सक्रिय नागरिक भूमिका प्रारम्भ की। १९५९ ई. में ही आप भारतीय पुलिस सेवा की परीक्षा में देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए।

पंजाब जब आतंकवाद की आग में जल रहा था, आतंकवादी गतिविधियाँ अपने चरम पर थी, उस समय १९८७ से १९९१ तक सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक (IG) एवं अपर महानिदेशक (ADG) के रूप में आप ने आतंकवादियों की रीढ़ तोड़ दी। पंजाब में आप अपनी योग्यता, क्षमता एवं दृढ़ इच्छा शक्ति की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और १९९१ में उल्फा आतंकवादियों से त्रस्त असम क्षेत्र में चुनाव सम्पन्न कराने हेतु आपको वहाँ का पुलिस महानिदेशक (DGP) बनाकर भेजा गया। आपके नेतृत्त्व में एक भी गोली चलाये बिना असम में शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात माफिया के आतंक से कराह रहे उत्तर प्रदेश को माफियाराज से मुक्ति दिलाने हेतु आप १९९१ में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक बने तथा १९९३ तक के आपके कार्यकाल में यहाँ के माफियाराज का पूर्णतः अन्त हो गया। आपकी सफलतापूर्वक कार्रवाइयों को देखते हुए पुनः सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक के रूप में आप १९९३-९४ ई० में जम्मू-कश्मीर में नियुक्त किये गये, जहाँ आपकी सशक्त प्रहरी की भूमिका जग-जाहिर है।

आतंकवादियों के खिलाफ आपकी सफलतम व्यूहरचना को देखते हुए भारत सहित अमेरिका, रूस, बांग्लादेश, थाइलैण्ड, कोलम्बिया आदि देशों में आयोजित लगभग दो दर्जन से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों में आप के शोधपूर्ण व्याख्यान हुए हैं। पुलिस प्रशिक्षण कालेज, राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, आन्तरिक सुरक्षा अकादमी, प्रशासनिक अकादमी, सुरक्षा सेवा स्टॉफ कालेज, राष्ट्रीय सुरक्षा कालेज, नीतिशोध केन्द्र आदि संस्थानों में आपातकालीन परिस्थितियों, आतंकवाद, नक्सलवाद, जातीय समस्याओं, पुलिस सुधार आदि विषयों पर विशेष व्याख्यान के माध्यम से आपने अपने अध्ययन एवं अनुभव से देश तथा दुनिया को दिशा निर्देश दिया है। आपकी नागालैण्ड, नैक्सलाइट मूवमेन्ट इन इण्डिया (फ्रेन्च में भी अनुवादित) कोहिमा टू कश्मीर, इण्डियाज नार्थइस्ट नामक प्रकाशित पुस्तकें अत्यन्त लोकप्रिय हुई हैं। आपके लगभग ढाई सौ लेख राजनीति और सुरक्षा विषयों पर इण्डियन एक्सप्रेस, फाइनेन्शियल एक्सप्रेस, टाइम्स आफ इण्डिया, पायनियर, एकोनामिक टाइम्स, हिन्दुस्तान टाइम्स सहित अन्य अनेक समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। आल इण्डिया रेडियो एवं टेलीविजन चैनलों पर विविध राष्ट्रीय, सामाजिक, सुरक्षा आदि विषयों पर एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ के रूप में आपको आमंत्रित किया जाता है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रशासनिक सेवा के लिए चयन हेतु विशेषज्ञ समितियों के सदस्य, प्रेसिडेन्ट आफ इण्डिया हेरिटेज रिसर्च फाउण्डेशन में सहभाग (१९९४-९५), दक्षिण एशिया में नशा उन्मूलन में सलाहकार (१९९७), विवेकानन्द केन्द्र उत्तर प्रदेश के संयोजक (२००१-०३) आन्ध्रप्रदेश सरकार द्वारा नक्सली उन्मूलन हेतु गठित एक सदस्यीय जाँच आयोग के अध्यक्ष (२००३-०४), केन्द्र एवं राज्य सरकारों में सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से पुलिस सुधार के क्षेत्र में सुझाव लागू कराने, इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में राजनीति को अपराधियों से मुक्त करने हेतु गठित समिति के अध्यक्ष (२००७-०८), योजना आयोग द्वारा २००८ में 'डेवलपमेन्ट चैलेन्जेज इन एक्स्ट्रिमिस्ट एफेक्टेड एरियाज' हेतु गठित विषय विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में आपकी सेवाएं अत्यन्त सराहनीय एवं अनुकरणीय हैं। वस्तुतः श्री प्रकाश सिंह भारत माँ के एक ऐसे सपूत हैं जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता-अखण्डता हेतु समर्पित किया है और एक 'प्रकाश स्तम्भ' की तरह आप अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर दैदिव्यमान हैं।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्

भारत के स्वाधीनता संग्राम में बाल गंगाधर तिलक का युग समाप्त होते-होते कांग्रेस के नेतृत्व पर प्रश्न चिह्न खड़ा होने लगा था। १९२० के बाद क्रान्तिकारी आन्दोलन ने अलग राह पकड़ी और १९३०-३१ तक आते-आते कांग्रेस के स्पष्ट सहयोग के अभाव में क्रान्तिकारियों का दमन करने में ब्रिटिश हुकूमत सफल रही। १९१५-१६ के बाद के इसी काल खण्ड में स्वाधीनता संग्राम की अगुवा कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की भी शिकार हुई। इस युग तक अंग्रेजों द्वारा भारत में अंग्रेजियत में रमे बाबुओं की फौज खड़ी करने की शिक्षा नीति का प्रभाव भी दिखने लगा था। देश के समक्ष एक चुनौती थी कि भारत की नयी पीढ़ी भारतीयता के साँचे में कैसे ढले। अपनी संस्कृति और स्वदेशी दृष्टि से शिक्षा प्रणाली और शिक्षा नीति ही एक मात्र इस चुनौती का समाधान था। इस चुनौती को भी भारतीय मनीषियों ने स्वीकार किया।

महामना मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयास से ४ फरवरी १९१६ ई० को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय लोकार्पित हो गया। भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु स्थापित यह विश्वविद्यालय पूरे देश में भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा पद्धति का एक नया मानक बना और इसी धारा को तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने आगे बढ़ाते हुए १९३२ ई० में गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की नींव रखी। ब्रिटिश हुकूमत को शिक्षा के भी क्षेत्र में भारतीय मनीषियों द्वारा यह कड़ी चुनौती थी कि भारत अपने पैरों पर खड़ा होने में समर्थ है, वह अपना तंत्र, अपनी शिक्षा, अपनी संस्कृति और अपने जीवन मूल्यों की पुनः स्थापना अपनी योजनानुसार करेगा। यह दूरदृष्टि थी कि देश जब आजाद होगा तब तक देश की व्यवस्था चलाने हेतु भारतीय पद्धति के शिक्षा संस्थानों से निकले युवाओं की फौज तैयार मिलेगी।

देश पराधीन था। जनता विपन्न थी। ज्ञान कौशन के अभाव में स्वाभिमान और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की चेतना का जागरण दुष्कर था। महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज अपनी संकल्प शक्ति के बल पर आजादी की लड़ाई के एक प्रमुख शस्त्र के रूप में शैक्षिक क्रान्ति के पथ पर भी आगे बढ़े। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत १९३२ में बक्शीपुर में किराये के एक मकान में महाराणा प्रताप क्षत्रिय स्कूल प्रारम्भ हुआ। १९३५ में इसे जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिल गयी और १९३६ में यहाँ हाईस्कूल की पढ़ाई प्रारम्भ की गयी तथा इसका नाम 'महाराणा प्रताप हाई स्कूल' हो गया। इसी बीच महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के अथक प्रयास से गोरखपुर के सिविल लाइन्स में पाँच एकड़ भूमि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् को प्राप्त हो गयी और महाराणा प्रताप हाईस्कूल का केन्द्र सिविल लाइन्स हो गया तथा देश के आजाद होते समय यह विद्यालय महाराणा प्रताप इन्टरमीडिएट कालेज के रुप में प्रतिष्ठित हुआ।

१९४९-५० में इसी परिसर में महाराणा प्रताप डिग्री कालेज की स्थापना महाराणा प्रताप शिक्षसा परिषद् का अगला पड़ाव था। अगस्त १९५८ में महन्त जी ने महाराणा प्रताप डिग्री कालेज को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित किया और विश्वविद्यालय की स्थापना के आधार स्तम्भ बने। वर्तमान गोरखपुर विश्वविद्यालय का वाणिज्य संकाय आज भी उसी महाराणा प्रताप डिग्री कालेज भवन में चल रहा है तथा उसी परिसर में विश्वविद्यालय का एम.बी.ए., शिक्षा शास्त्र एवं वाणिज्य संकाय का नवीन भवन स्थित है। तत्पश्चात् महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् ने ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के नाम से वर्तमान दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना की, सम्प्रति यह विश्वविद्यालय परिसर से सटे महानगर का एक अति प्रतिष्ठित महाविद्यालय है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा वर्तमान में दर्जनों शिक्षण संस्थाएँ गोरखपुर क्षेत्र में संचालित हो रही हैं। इनमें गोरखपुर महानगर में महाराणा प्रताप पालिटेक्निक, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ, महाराणा प्रताप शिशु शिक्षा विहार एवं बालिका विद्यालय सिविल लाइन्स, दिग्विजयनाथ बी.एड. कालेज, महाराणा प्रताप टेलरिंग कालेज सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप शिशु शिक्षा विहार जू० हा० स्कूल रामदत्तपुर, महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय रामदत्तपुर, महाराणा प्रताप कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जंगल धूसड़,दिग्विजयनाथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चौक माफी और महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, बेतियाहाता गोरखपुर प्रमुख हैं। महराजगंज जनपद में दिग्विजयनाथ इन्टर कालेज, चौक बाजार, दिग्विजयनाथ शिशु शिक्षा विहार चौक बाजार, परमहंस शिशु शिक्षा सदन, सोनाड़ी जंगल प्रमुख प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाएँ हैं। जुलाई २०११ से महराजगंज जनपद के चौक बाजार में महन्त अवेद्यनाथ महाविद्यालय भी प्रारम्भ हो रहा है जिसकी नींव २२ नवम्बर २०१० को पड़ गई है। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़ इसी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित है।

महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम (सत्र : 2010-11)

महाविद्यालय में वृक्षारोपण :

७ जुलाई, २०१० को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर सांसद एवं गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने आँवला, नीम, जामुन, आम, पीपल के पांच वृक्ष लगाकर पौध रोपण अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ३०० पौधे लगाये गये।



महाविद्यालय में वृक्षारोपण

सत्रारम्भ :

शैक्षिक पञ्चांग के अनुसार १६ जुलाई से बी.ए., बी.काम., बी.एस-सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाएं प्रारम्भ हुई तथा १ अगस्त से बी.ए., बी.काम., बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की कक्षाएं प्रारम्भ की गयी।

देश विभाजन की पूर्व संध्या पर आयोजित व्याख्यान

देश विभाजन की पूर्व संध्या पर व्याख्यान :

१३ अगस्त, २०१० को प्रतिवर्ष की भांति देश विभाजन की पूर्व संध्या पर **'देश विभाजन के गुनहगार'** विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार **श्री अवधेश कुमार** (नई दिल्ली) तथा मुख्य वक्ता भा. इ. संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री बालमुकुन्द** जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता **प्रो. अशोक श्रीवास्तव**, अध्यक्ष, इतिहास विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने की। कार्यक्रम का संचालन स्नातक कला तृतीय वर्ष की छात्रा कु. मुन्नी बर्नवाल ने किया तथा आभार डॉ. विजय चौधरी, प्रभारी, भूगोल विभाग द्वारा किया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह :

महाविद्यालय में १५ अगस्त का राष्ट्रीय पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के पश्चात छात्र/छात्राओं ने अत्यन्त रोमांचकारी एवं देश-प्रेम से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वन्दना से आरम्भ होकर राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के साथ सम्पन्न हुआ।

स्वैच्छिक श्रमदान :

महाविद्यालय में प्रत्येक सोमवार को छात्र/छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया जाता है।

स्वतन्त्रता दिवस समारोह

ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति साप्ताहिक व्याख्यान-माला : (१७-२३ अगस्त, २०१०)

गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय द्वारा 'दिग्विजयनाथ स्मृति साप्ताहिक व्याख्यान-माला' का आयोजन किया गया। १७ अगस्त को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के पूर्व कुलपति डॉ. शिवमोहन सिंह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उ.प्र. हिन्दी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह ने की। संचालन छात्रसंघ के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप पाण्डेय व आभार ज्ञापन, कार्यक्रम के संयोजक संतोश कुमार, प्रवक्ता, भौतिकी ने किया।



श्रमदान करते प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रा

१८ अगस्त : व्याख्यान-माला के दूसरे दिन **'क्षार, अम्लीयता और घेंघा का उपचार'** विषय पर बुद्ध पी.जी. कालेज, कुशीनगर के रसायन शास्त्र विभाग के डॉ. योगेन्द्र पाल कोहली का शोधपूर्ण व्याख्यान हुआ।



व्याख्यानमाला के उद्घाटन सत्र में सम्बोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. शिवमोहन सिंह

१९ अगस्त : व्याख्यान-माला के तीसरे दिन 'A Garlic is natures boon to mankind' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्राणि विज्ञान विभाग के प्रो. डी.के. सिंह ने व्याख्यान दिया।

२० अगस्त : व्याख्यान-माला के चौथे दिन दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने **'उत्तरदायित्वपूर्ण जीवन शैली और युवा'** विषय पर व्याख्यान देकर हमें अनुग्रहीत किया।

२१ अगस्त : व्याख्यान-माला के पांचवे दिन दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग में उपाचार्य डॉ. श्रीभगवान सिंह ने **'अशान्त भारतीय सीमाएं'** विषय पर अपना शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया।

२२ अगस्त : व्याख्यान-माला के छठवें दिन मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज, गोरखपुर के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. गोविन्द पाण्डेय ने **''गोरखपुर परिक्षेत्र : पर्यावरणीय परिदृश्य''** तथा मारवाड़ इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य श्री आर.एन. गुप्ता ने **''आर्थिक नियोजन का महत्व''** विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

२३ अगस्त : व्याख्यान माला के समारोप समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रवन्ध समिति के उपाध्यक्ष **प्रो. यू.पी. सिंह,** पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने



श्रमदान करती छात्राएं

छात्रसंघ चुनाव पश्चात् उल्लास में विद्यार्थी

की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **प्रो. रामअचल सिंह**, पूर्व कुलपति, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद एवं पूर्व अध्यक्ष, उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि श्री रामजनम सिंह, प्रधानाचार्य, महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, गोरखपुर रहे।

छात्रसंघ चुनाव :

३१ अगस्त, २०१० को छात्रसंघ का चुनाव सम्पन्न हुआ, योग्यता एवं उपस्थिति के आधार पर छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। तत्पश्चात् १ सितम्बर को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा महामंत्री का चुनाव हुआ, जिसमें कुल ४३ प्रतिनिधियों में से ४१ प्रतिनिधियों ने मतदान किया। श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह को अध्यक्ष, श्री विश्वजीत शर्मा को उपाध्यक्ष एवं श्री विनय कुमार शर्मा को महामंत्री चुना गया।

छात्रसंघ : आमसभा

छात्रसंघ की साधारण सभा की बैठक छात्रसंघ अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह के अन्तिम कार्य दिवस को सम्पन्न होती है।



छात्रसंघ साधारण सभा की बैठक

हिन्दी दिवस पूर्व संध्या पर व्याख्यान : १३ सितम्बर, २०१०

महाविद्यालय में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर ''स्वतंत्रता के साढ़े छः दशक और हिन्दी की विकास यात्रा'' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसके मुख्य वक्ता प्रख्यात साहित्यकार एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय थे। सभा का संचालन श्री विश्वजीत शर्मा, स्नातक कला द्वितीय वर्ष ने तथा प्रस्ताविकी डॉ. आरती सिंह, प्रवक्ता, हिन्दी विभाग ने किया।

विशिष्ट व्याख्यान : १४ सितम्बर, २०१०

विशिष्ट व्याखयान में बोलते प्रो. शैलेन्द्र नाथ कपूर

